# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–**82/2025***

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने हरितालिका तीज के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

**पटना 24 अगस्त, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने हरितालिका तीज के अवसर पर सभी बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि सुहागन महिलाएँ हरितालिका तीज भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। इस अवसर पर वे अपने सुहाग की रक्षा एवं सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं तथा माता पार्वती एवं भगवान शिव की पूजा–अर्चना करती हैं। राज्यपाल ने इस पर्व के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

……………………………………